विनायक विद्यापीठ संस्थान ने की कांवड़ियों की सेवा

मोदीपुरम: विनायक विद्यापीठ संस्थान के कम्युनिटी आउटरीच की ओर से मंगलवार को कांवड़ियों का स्वागत किया गया। निदेशक विकास कुमार ने आउटरीच क्लब के सदस्यों के साथ स्टॉल पर कांवड़ियों को फल व जल वितरित किया। कहा कि सावन में कांवड़ियों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। प्राचार्या डा. अनुप्रीता शर्मा ने सदस्यों की सराहना की और शिवभक्तों के लिए भगवान शिव से मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की। इस मौके पर अरुण गुप्ता, रीमा विकल, कपिल कुमार, नितिन कुमार, शुभम अग्रवाल, गौरव कश्यप, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों का किया गया स्वागत

मेरठ,30 जुलाई (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ के कम्युनिटी आउटरीच की ओर से कावड़ रूट पर हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और स्टॉल लगाकर उनकी सेवा की। इसमें विनायक विद्यापीठ के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने आउटरीच क्लब के सदस्यों के साथ स्टॉल पर कांवड़ियों को फ्रूट्स एव जल वितरित किया। निदेशक ने कहा कि सावन में कांवड़ियों की सेवा करना सौभाग्य की बात है, उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा कर उन्हें शिवभक्ति का पूरा आनंद मिल रहा है। विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एव ग्रप निदेशक डॉ अनुप्रीता शर्मा ने इस कार्य के लिए आउटरीच क्लब के सदस्यों की सराहना की ओर उन्होंने सभी शिवभक्तों के लिए प्रार्थना की कि उनकी यात्रा सफल हो और भगवान शिव उनकी मनोकामना पूरी करें।